53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्ष: 53/अंक : 288 शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी/त्रयोदशी सम्वत् 2082 कुल पृष्ठ-12 मूल्य 3 रुपये

**पाठकों के लिए सूचना**

सम्मानित पाठकों को सूचित किया जाता है कि आज आपका प्रिय दैनिक समाचार पत्र मुजफ्फरनगर बुलेटिन 12 पृष्ठों का प्रकाशित किया जा रहा है। कृपया अपने हॉकर से आज के अंक के 12 पृष्ठ लेना न भूलें। -सम्पादक






To locate your nearest store and know more on +91 81473 49242 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions Apply. | Scan the QR code to find the nearest Tanishq store

**वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर मो- 7455900800**

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

Happy Dhanteras

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Shubh Dhanteras

वर्षः 53/अंक : 288 शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी/त्रयोदशी सम्वत् 2082 पृष्ठ- 2 मूल्य 3 रुपये

# मावे का सैम्पल हुआ फेल, अब कौन जाएगा जेल









**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)।** जैसा अनुमान था, ठीक वैसा ही हुआ। पांच दिन पहले खालापार के फक्करशाह चौक पर मेरठ के दौराला से लग्जरी गाड़ी में आ रहे एक युवक जावेद से 250 किलो मिलावटी मावा पकड़ा गया था, जिसका समाचार प्रमुखता के साथ मुजफ्फरनगर बुलेटिन 12 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित किया गया था। बुलेटिन द्वारा उसी दिन यह अंदेशा लगा लिया गया था और समाचार में भी लिखा गया था कि यह मावा मिलावटी ही निकलेगा, क्योंकि प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना मुखबिर के माध्यम से मिली थी। मुखबिर के माध्यम से मिली सूचनाएं अधिकांशतः पुष्ट होती हैं। हालांकि प्रशासन ने यह कहा था कि दो दिन बाद ही लैब रिपोर्ट यह पुष्टि कर देगी कि मावा असली है या मिलावटी। मगर इसका खुलासा पांच दिन बाद हुआ है और जैसी उम्मीद थी वैसा ही हुआ है। सचमुच मिया जावेद द्वारा लाया जा रहा मावा मिलावटी ही निकला। अब सवाल खूब सारे खड़े हो गए हैं और यह भी तय हो गया है कि मावा मण्डी में एक नहीं कई कारोबारी मिलावटी मावे का कारोबार खुलकर कर रहे हैं और आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। हालांकि खाद्य विभाग की टीम अभी और तह तक जाएगी और पता लगाएगी कि किन-किन दुकानदारों को मिलावटी मावा बनाकर बिक्री करने हेतु सप्लाई किया जा रहा था और दुकानदार भी धड़ल्ले से इसको आम आदमी को बेच रहे हैं। कुल मिलाकर यह तस्वीर तो साफ हो गयी है कि मुजफ्फरनगर की मंडी में मिलावटी मावा खूब बिक रहा है।

### आखिर क्यों नहीं होगा दुकानदारों के नाम का खुलासा ?

**मुजफ्फरनगर।** पांच दिन पहले पकड़े गए मावे का नमूना फेल आने के बाद अब और कई सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर यह मावा जिन दुकानों पर जा रहा था, उनके नामों का खुलासा कब किया जाएगा। यदि त्यौहारों के बाद उनके नामों का खुलासा होता है तो इस खुलासे का उद्देश्य अधूरा ही रहेगा, क्योंकि त्यौहारों पर तो यह पता ही नहीं चल पाएगा कि किस दुकान पर ऐसा मावा बिक रहा है और कहां से मावा खरीदा जाए और कहां से नहीं? प्रशासन को ऐसे संदिग्ध दुकानदारों के नाम भी सामने लाने चाहिएं, जिन दुकानदारों पर यह मावा सप्लाई हो रहा था। पांच दिन पहले हुई पकड़-धकड़ में मिया जावेद से यह पूछताछ होनी चाहिए थी कि आखिर वह मावा लेकर कहां जा रहा था। यदि यह पूछताछ नहीं हुई तो वास्तव में यह प्रशासन की अपनी लापरवाही होगी या दुकानदारों को बचाने का तरीका है।

### मिलावटी निकला है पांच दिन पहले पकड़ा गया मावा : अर्चना धीरान

**मुजफ्फरनगर।** सहायक आयुक्त खाद्य विभाग अर्चना धीरान का कहना है कि बड़ी बात यह है कि उक्त मावा यदि उच्च क्वालिटी के दूध व शुद्ध घी से बना होता, तो भी शायद आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ ना होता। उक्त मावा पूरी तरह घटिया दूध व रिफाइंड व अन्य कई अशुद्ध पदार्थों के मिश्रण से तैयार किया गया था। जिस कारण मावे का सैम्पल फेल होना तय था। उन्होंने कहा कि वे किसी भी सूरत में त्यौहारों के अवसर पर आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ नहीं होने देंगे, क्योंकि ऐसी घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं, जिसमें मिलावटी मावे से बनी मिठाइयां खाकर लोग बीमार हो गए और उन्हें कई-कई दिन अस्पताल में उपचार कराना पड़ा। आपको बता दें कि आज एसडीएम निकिता शर्मा की मौजूदगी में सहायक आयुक्त खाद्य विभाग अर्चना धीरान ने उक्त मिलावटी मावे को नष्ट कराते हुए उसे खुदाई कराकर गड्ढे में दबवा दिया। उक्त कार्य में पहले टीम अग्रवाल धर्मशाला पहुंची जहां उन्होंने पांच दिन पहले फ्रीजर में रखे मावे को निकलवाया और मावा का नमूना फेल होने के बाद उसे नष्ट करा दिया गया और मीडिया को उक्त पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि त्यौहारों के मद्देनजर पिछ्ले एक माह में विभाग द्वारा 70 नमूने लिये गए, जिसमें कई लाख रुपये के मावे को मिलावटी पाए जाने पर उसे नष्ट कराया गया है।

## दो युवकों व उनके साथियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की

**शाहपुर, 17 अक्टूबर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव कुटबी में प्रधान पद के संभावित उम्मीदवार के घर पर गांव के ही दो युवकों व उनके साथियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें प्रधान पद के संभावित उम्मीदवार ने घर में घुसकर जान बचाई। ग्रामीणों के आने पर हमलावर अपने वाहनों को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। थाना क्षेत्र के गांव कुटबी निवासी मोहित कुमार ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया कि बृहस्पतिवार की शाम गांव का ही रवि उर्फ गुड्डू व बंटू उर्फ दीपक अपने करीब 15 अज्ञात साथियों के साथ वाहनों में सवार होकर उसके घर पर आ गए और उसे जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे उसने घर में घुसकर अपनी जान बचाई। फायरिंग की आवाज सुनकर आस पड़ोस व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को देखकर सभी हमलावर अपने वाहनों को छोड़कर उसे गाली-गलौच करने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के साथ मौके से हमलावरों के वाहन एक बोलेरो गाड़ी के अलावा दो कार व एक बुलेट मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया। पीड़ित ने बताया कि वह गांव प्रधान का संभावित उम्मीदवार है। गांव के ही नामजद दोनों युवक उससे चुनाव के अलावा पुरानी रंजिश रखते हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।**

### फांसी पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त की

**शाहपुर, 17 अक्टूबर (बु.)।** गांव दुल्हेरा निवासी एक युवक ने पारिवारिक कलह के चलते खंड विकास कार्यालय में खड़े कैटल कैचर के वाहन से फांसी पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना क्षेत्र के गांव दुल्हेरा निवासी शिक्षा देवी खंड विकास कार्यालय के बाहर प्रेरणा कैंटीन चलती है। शुक्रवार की सुबह उसका पुत्र 30 वर्षीय रुपिन उर्फ हांडा गांव से कैंटीन पर पहुंचा। बताया गया की रुपिन पारिवारिक कलह के चलते परेशान था, जिसके चलते प्रातः काल उसने खंड विकास कार्यालय में खड़े कैटल कैचर के वाहन से फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। ब्लॉक कर्मचारी जब कार्यालय पहुंचे, तो उन्होंने युवक को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा, तो उन्होंने कैंटीन पर मौजूद लोगों सहित आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद लोगों ने उसे नीचे उतार लिया और पास ही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों को दिखाया, तो चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। सके बाद परिजन शव को गांव में ले गए।

## ना हों कन्फ्यूज, दीवाली 20 अक्टूबर को ही मनेगी

### दिवाली के लिए प्रदोष काल और निशीथ काल के मुहूर्त 20 अक्टूबर को हैं

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु।)।** इस बार दिवाली के दिन और पूजन को लेकर कन्फ्यूजन के बीच ज्योतिर्विदों ने स्पष्ट किया है कि दिवाली बीस अक्टूबर को ही मनाई जाएगी। कार्तिक अमावस्या इस साल 20 अक्टूबर दोपहर 03:44 बजे से प्रारंभ होकर 21 अक्टूबर शाम 05:54 बजे तक रहने वाली है। ऐसे में रात्रि कालीन पूजन का पर्व होने के कारण बीस अक्टूबर में ही मुहूर्त रहेगा।

इस बार दीवाली की तारीख को लेकर लोगों में बड़ा कन्फ्यूजन फैलाया जा रहा है। कोई 20 अक्टूबर तो कोई 21 अक्टूबर को दिवाली बता रहा है। ज्योतिषविदों का कहना है कि हिंदू पंचांग की गणना और सूर्यास्त के समय में सूक्ष्म अंतर के कारण यह संशय पैदा हुआ है। इस साल कार्तिक अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 03:44 बजे से प्रारंभ होकर 21 अक्टूबर शाम 05:54 बजे तक रहने वाली है। उनका कहना है कि दिवाली के लिए प्रदोष काल और निशीथ काल का होना अनिवार्य है और यह दोनों ही मुहूर्त 20 अक्टूबर को पड़ रहे हैं। जबकि 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि सूर्यास्त से पहले ही समाप्त हो जाएगी। इसलिए दीवाली 20 अक्टूबर को मनाना ही उचित होगा। ज्योतिष जानकारों का कहा है कि दीवाली के त्योहार पर ऐसी स्थिति वर्ष 1962 और 1963 में भी बनी थी। ऐसे में काफी वर्षों के बाद इस बार दिवाली की तिथि को लेकर तमाम तरह की बातें शुरू हुईं।

### छोटी दिवाली 19 अक्टूबर को

**मुजफ्फरनगर।** छोटी दिवाली या नरक चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। इस बार यह पर्व 19 अक्टूबर दिन रविवार को मनाया जाएगा। छोटी दिवाली के दिन भगवान कृष्ण और यमराज की पूजा की जाती है और इस दिन घरों में दीपक जलाए जाते हैं और एक मुख्य दीपक दक्षिण दिशा की तरफ यम के नाम का जलाया जाता है। वहीं भगवान श्रीकृष्ण ने इस दिन नरकासुर का वध किया था इसीलिए इसे नरक चतुर्दशी कहा गया।

### गोवर्धन पूजन 22 अक्टूबर को

**मुजफ्फरनगर।** दीपावली महापर्व का चौथा पर्व गोवर्धन पूजन होता है, गोवर्धन पूजन को अन्नकूट के नाम से जाना जाता है। हर वर्ष यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 22 अक्टूबर दिन बुधवार को मनाया जाएगा। इस दिन गोबर से घर घर गोवर्धन महाराज बनाए जाते हैं और पूरे परिवार के साथ पूजन किया जाता है। इस दिन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर देवराज इंद्र का अभिमान तोड़ा और ब्रजवासियों की रक्षा की।

### भाई दूज 23 अक्टूबर को मनेगी

मुजफ्फरनगर। दीपावली महापर्व का अंतिम पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। हर वर्ष यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है और इस बार यह पर्व 23 अक्टूबर दिन गुरुवार को मनाया जाएगा। इस दिन बहनें भाइयों को तिलक कर उनके दीघार्यु की कामना करती हैं और फिर भाई उपहार स्वरूप वस्त्र या मिठाई देते हैं। भाई दूज का पर्व प्रेम, स्नेह और दीर्घायु का प्रतीक है।








53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Happy Dhanteras
Shubh Dhanteras

वर्षः 53/अंक : 288 शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी/त्रयोदशी सम्वत् 2082 पृष्ठ- 3 मूल्य 3 रुपये





54B, VAKIL ROAD, NEW MANDI, MUZAFFARNAGAR (U.P.) 251001
+91 9837405000 | info@srjewellers.co | www.srjewellers.co
PLATINUM

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्षः 53/अंक : 288 शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी/त्रयोदशी सम्वत् 2082 पृष्ठ- 4 मूल्य 3 रुपये



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Happy Dhanteras

Shubh Dhanteras

वर्षः 53/अंक : 288 शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी/त्रयोदशी सम्वत् 2082 पृष्ठ- 5 मूल्य 3 रुपये




53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Happy Dhanteras | Shubh Dhanteras

वर्ष: 53/अंक : 288 शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी/त्रयोदशी सम्वत् 2082 पृष्ठ- 6 मूल्य 3 रुपये

# धनतेरस पर सजे बाजार, ग्राहकों का इंतजार

▶▶ सर्राफा, ऑटो, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन व तमाम चीजों पर जमकर उमड़ेंगे खरीदार ▶▶ जीएसटी दरों में कमी के कारण वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक्स पर खरीदारी का रहेगा जोर












*मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। चौमासे की लंबी सुस्ती झेलने के बाद अब बाजार त्यौहारी धनवर्षा के लिए तैयार है। धन तेरस पर सर्राफा बाजार, ऑटो मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और जमीन की खरीद फरोख्त के लिए शुभ मुहूर्त में खरीदारी और बैनामे आदि कराने के लिए लोग तैयार हैं। बाजार में इन वस्तुओं के अलावा तमाम दूसरे आइटमों जैसे लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों, सजावटी सामान और घरेलू जरूरत की चीजों के साथ पूजा सामग्री बेचने वालों पर शनिवार को जमकर पैसा बरसेगा। इस बार जीएसटी की नई दरों के लागू होने के बाद तमाम चीजों के दामों में आई कमी से भी बाजार को खासी उम्मीद है कि ग्राहक अधिक खरीद के लिए उतरेंगे। तमाम शो रूम्स से लेकन पटरी बाजार तक हर कोई त्यौहारी भीड़ की जेब से खनकते सिक्कों को पाने के लिए आज तैयारियों में जुटे रहे। इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, ज्वैलर्स, बाइक शोरूम, चारपहिया वाहन शोरूम समेत अन्य दुकानों की सजावट देखते ही बन रही है।*



## सर्राफा बाजार में दिखेगी चमक

**मुजफ्फरनगर।** दीप पर्व श्रंखला के तहत धन तेरस को खरीदारी के सबसे बड़े मुहूर्त में एक माना जाता है। शहर में श्री रामकुमार ज्वैलर्स, श्रवण कुमार ज्वैलर्स, तनिष्क व स्पार्कल्स, नई मंडी, अरिहंत, सतीश चंद ज्वैलर्स व रतनदीप पर धन तेरस के लिए बड़ी तैयारी है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कंपनियों के साथ दुकानदारों की ओर से दिवाली में खरीदारी पर एक से बढ़कर एक आकर्षक उपहार दिये जा रहे हैं। शनिवार को दिन भर खरीदारी का मुहूर्त रहेगा। माना जाता है कि धन तेरस पर होने वाली खरीदारी अधिक फलदायी होती है। खासतौर से स्वर्ण आभूषण, चांदी के सिक्के, मूर्तियां, बर्तन और दूसरे सामान की खरीद को इस दिन बेहद शुभ माना जाता है। इस बार स्वर्ण आभूषणों में तो तेजी के दौर के बाद बाजार में जहां ग्राहकों को लुभाने के लिए तमाम तैयारियां की जा रही हैं। वहीं तमाम सर्राफा शो रूम्स में हर खरीदार के जेब के हिसाब से आइटम तैयार हैं। इसमें 22 कैरेट से लेकर इस बाद नौ कैरेट तक के स्वर्णाभूषण बाजार में हैं। चांदी ने भी इस बाद महंगाई के तमाम रिकॉर्ड बना रखे हैं। फिर भी लोग रस्मी खरीद के लिए जरूर बाजार में आएंगे।

## ऑटो मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स पर जीएसटी की मेहरबानी

**मुजफ्फरनगर।** इस बार सबसे अधिक मजा ऑटो मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार पर आने वाला है। विहान मोटर्स, राघव टीवीएस, राज मोटर जोन, फ्रेंड्स ऑटो टेक, एटूजेड बजाज शोरूम, राधा वल्लभ टीवीएस आदि पर तमाम तैयारियां हैं। सभी का कहना है कि जीएसटी में कटौती से बिक्री में बूम की स्थिति देखने को मिलेगी। इसका लाभ हर सेक्टर में देखने को मिलेगा। धनतेरस और दीपावली को लेकर तो दोपहिया से चौपहिया के शोरूमों में दो से तीन माह पूर्व ही वाहनों की एडवांस बुकिंग शुरू हो जाती है। अधिकांश शोरूम में बाइक व चार पहिया वाहनों की बुकिंग हो चुकी है। कारोबारियों का कहना है कि वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान का जीएसटी स्लैब 28 से 18 फीसदी किए जाने से ग्राहकों को सीधे 10 फीसदी तक टैक्स की छूट मिलेगी। वहीं इसके निर्माण संबंधी सामान की कीमतें कम होने पर ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा। उनका कहना है कि त्योहारी सीजन में बाजार में आमतौर पर रौनक रहती है। इस बार बड़ी संख्या में लोगों ने बाइकों और कारों की बुकिंग कराई है।





## वाहनों की डिलीवरी के लिए उमड़ेंगे खरीदार

**मुजफ्फरनगर।** तमाम लोग धन तेरस पर वाहनों की डिलीवरी के लिए उमड़ेंगे तो यह दिन शोरूम्स के लिए खासा व्यस्त रहने वाला है। विक्रेताओं का कहना है कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र में जीएसटी दरें कम होने से ग्राहकों को राहत मिली है। विशेष रूप से, दोपहिया वाहनों और छोटी कारों पर जीएसटी को 28% से घटाकर 18% कर दिया गया है, जिससे कीमतें कम होंगी और पहली बार कार खरीदने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा। ट्रैक्टरों पर जीएसटी 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है, जिससे किसानों को लाभ होगा।



## बर्तन बाजार में भी जमकर होगी खनखनाहट

**मुजफ्फरनगर।** अमीर हो या गरीब धन तेरस पर बर्तनों की खरीद को भी बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे में बर्तन बाजार इस मौके को भुनाने के लिए तैयार है। हालांकि इस दिन तांबा, चांदी या स्टील के नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। बर्तन समृद्धि और शुद्धता का प्रतीक माने जाते हैं। हालांकि अब स्टील के बर्तन ही अधिकांश चलन में हैं। ऐसे में इनकी खरीदारी पर ही खास जोर रहने वाला है। पीतल और तांबे के बर्तन तो सामान्यतः पूजा के लिए अधिक खरीदे जाते हैं। ज्योतिष के अनुसार खरीदने बाद बर्तन को खाली न रखें, उसमें चावल या सिक्का डालें। ऐसा करने से सौभाग्य और सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है। झाड़ू और धनिए की खरीद भी इस दिन शुभ मानी जाती है।








## पूर्व डीजीपी के वकील बेटे की दवा ओवरडोज से मौत, परिवार को बेसुध मिले

**सहारनपुर, 17 अक्तूबर (एजेंसी)।** सहारनपुर के रहने वाले पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील की दवा की पंचकूला में ओवरडोज लेने के कारण मौत हो गई। घटना गुरुवार रात को हुई। पुलिस को दिए गए बयान में परिवार के सदस्यों ने बताया कि 35 साल के अकील ने गुरुवार को किसी दवा का सेवन किया था। परिवार के लोगों को वे बेसुध हालत में मिले। इसके बाद उपचार के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। मौत के बाद शव को हरियाणा के पंचकूला सेक्टर-6 स्थित सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम किया गया। परिजन शव को सहारनपुर से लेकर पहुंच गए हैं। इस दौरान हरड़ाखेड़ी गांव में सांसद इमरान मसूद के दामाद शायन मसूद, पूर्व विधायक शशि बाला पुंडीर समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे हैं। शव को शाम करीब 5 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। हरियाणा के पंचकूला में रहने वाले अकील हाईकोर्ट में वकील थे। उनकी मां पूर्व मंत्री रजिया सुल्ताना हैं। पिता साल 2021 में पंजाब के डीजीपी पद से रिटायर होने के बाद कांग्रेस में सक्रिय हो गए थे।

## बीएसएनएल 18 साल बाद मुनाफे में

**नयी दिल्ली, 17 अक्टूबर (वार्ता)** केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत संचार निगम लिमिटेड 18 वर्षों के बाद परिचालन स्तर पर लाभ में आ गया है और इसका वित्तीय पुनरुद्धार दूरसंचार विभाग की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। श्री सिंधिया ने शुक्रवार को संचार विभाग की पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 262 करोड़ रुपये और चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है। उन्होंने कहा,"बीएसएनएल का परिचालन लाभ तीन गुना बढ़कर 5,395 करोड़ रुपये हो गया है और इसका घाटा 5,400 करोड़ से घटकर 2,400 करोड़ रुपये रह गया है। "



## 111000 रुपए में 1 किलो, जयपुर में बिक रही भारत की सबसे महंगी मिठाई, देशभर से आ रहे ऑर्डर

### ये 'मिठास' इतनी महंगी क्यों?



**जयपुर, 17 अक्टूबर (एजेंसी)।** दिवाली का त्यौहार नजदीक है और जयपुर की मिठाई की दुकानों ने इस बार परंपरा को लग्जरी स्वाद में पिरो दिया है। शहर की स्वीट शॉप्स ने हाई-एंड मिठाइयों का ऐसा कलेक्शन तैयार किया है जो न सिर्फ देखने में खूबसूरत हैं, बल्कि स्वाद और सेहत दोनों में बेजोड़ है। सोने-चांदी के वर्क से सजी ये मिठाइयां अब त्यौहार को शाही रंग देने जा रही हैं। इस बार जयपुर में तैयार की गई एक खास मिठाई स्वर्ण प्रसादम सबका ध्यान खींच रही है। इसकी कीमत 1 लाख 11 हजार रुपए प्रति किलो है। इस मिठाई का बेस पूरा चिलगोजा से बनाया गया है और इसमें स्वर्ण भस्म, केसर और जैन मंदिर के खास वर्क का इस्तेमाल किया गया है। इसकी ग्लेजिंग भी शुद्ध स्वर्ण भस्म से की गई है। प्रीमियम क्लास को ध्यान में रखते हुए इस मिठाई को ज्वेलरी बॉक्स पैकिंग में पेश किया गया है। इसके अलावा स्वर्ण भस्म भारत के नाम से मिठाई की बिक्री भी की जा रही है, जोकि 85000 प्रति किलो के हिसाब से बेची जा रही है। त्यौहार मिठाई शॉप की ओनर अंजली जैन ने बताया कि इस साल दिवाली थीम पर पटाखा थाल भी तैयार किया गया है। इस थाल में सभी मिठाइयां काजू से बनी हैं, जिनका रूप सुतली बम, अनार, चकरी जैसा दिया गया है। इसके अलावा स्वर्ण भस्म रसमलाई, ड्रायफ्रूट केक, अंजीर, बादाम, पिस्ता और अखरोट से बनी मिठाइयां भी शामिल की गई हैं। इन मिठाइयों को हेल्थ फ्रेंडली बनाने पर खास ध्यान दिया गया है। नए दौर की पसंद को ध्यान में रखते हुए ड्रीम सीरीज भी लॉन्च की गई है। इसमें काजू और चॉकलेट, रेड वेलवेट, लेमन, हेजलनट और बबलगम जैसे फ्यूजन फ्लेवर शामिल हैं। स्टोर की ओनर अंजली जैन ने कहा कि इस बार पारंपरिक मिठाइयों जैसे गुलाब सकरी, थाल की बर्फी और घेवर के साथ फ्यूजन स्वीट्स पर भी फोकस किया गया है।

## लिटिल मैनर एवं नीव इंटरनेशनल स्कूल में हुआ भव्य दीवाली उत्सव 2025 का आयोजन





**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बुस.)।** अंसारी रोड स्थित नीव इंटरनेशनल स्कूल एवं नयी मंडी स्थित लिटिल मैनर स्कूल में रविवार को "दीवाली उत्सव 2025" का भव्य आयोजन किया गया। पूरे परिसर में दीपों की रौशनी, संगीत, रंगोली और बच्चों की खिलखिलाहट ने मिलकर एक अद्भुत उत्सव का माहौल बना दिया। इस अवसर पर 350 से अधिक विद्यार्थियों एवं 1000 से अधिक अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, उत्सव की भावना, और सामाजिक सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों ने पारंपरिक परिधान पहनकर मंच पर नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी से सजे स्कूल परिसर में हर ओर उल्लास और उमंग का वातावरण बना रहा। इस मेले में दीया सजावट, कैंडल पेंटिंग, लैंटर्न बनाना, टैटू और नेल आर्ट, क्राफ्ट एक्टिविटी, फोटोबूथ, मूवी रूम, इनडोर गेम्स, और गेम स्टॉल्स जैसी कई आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की गई। बच्चों ने प्रत्येक गतिविधि में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रत्येक विद्यार्थी को प्रवेश पर एक गुडी बैग दी गई, जिसमें एक दीवाली कार्ड, पानी की बोतल, और रंग भरने योग्य बैग शामिल था। बच्चों ने न केवल इस बैग को रंगों से सजाया, बल्कि अलग-अलग स्टॉल्स से उपहार जीतकर उन्हें अपने बैग में संजोया। विशेष आकर्षण रहा "स्कूल की रसोई" द्वारा तैयार स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल, जहाँ स्कूल के मिड-डे मील की टीम ने ही स्वादिष्ट नाश्ते और भोजन की व्यवस्था की थी। सभी खाद्य पदार्थों और खेल स्टॉल्स पर केवल कूपन आधारित लेनदेन किया गया, जिससे व्यवस्था अनुशासित और सुचारु बनी रही। स्कूल परिसर में लगाए गए एग्ज़िबिटर स्टॉल्स पर अभिभावकों और बच्चों ने मिलकर त्योहार की खरीदारी का आनंद लिया। इन स्टॉल्स पर हस्तनिर्मित सजावटी सामान, दीवाली गिफ्ट्स और अन्य वस्तुएँ उपलब्ध थीं। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय लिटिल मैनर स्कूल की प्रिंसिपल शिम्पी कपूर एवं नीव इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल रोहित गर्ग के नेतृत्व में किया गया। दोनों स्कूलों के शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने अपनी लगन और समर्पण से कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अंकुर गोयल ने कहा कि "दीवाली सिर्फ रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि यह बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ने और समाज में खुशियाँ बाँटने का अवसर भी है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि इतने बड़े स्तर पर अभिभावकों और बच्चों ने मिलकर इस उत्सव को सफल बनाया।" पूरे दिन बच्चों की हँसी, रंगीन सजावट और मधुर संगीत ने स्कूल परिसर को एक जीवंत मेले में बदल दिया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण और दीवाली की शुभकामनाओं के साथ हुआ। लिटिल मैनर एवं नीव इंटरनेशनल स्कूल परिवार ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "आइए हम सब मिलकर इसी तरह हर त्योहार को सीखने, बॉटने और साथ मनाने की भावना से मनाएँ।"

## धूमधाम से निकाली गई महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा

**मीरापुर, 17 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में श्री वाल्मीकि शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल बैंड-बाजों व सुंदर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। मीरापुर के पड़ाव चौक स्थित प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर परिसर से शुरू हुई श्री महाकाली शोभायात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण शर्मा ने भगवान वाल्मीकि की आरती कर व फीता काटकर किया। बैंड बाजों से सुसज्जित शोभायात्रा में भगवान श्री गणेश, श्री महाकाली तांडव,राधा-कृष्णा, शिव-पार्वती तांडव, माँ शेरा वाली , शिव काली तांडव, यज्ञ का घोड़ा लिए लव-कुश, भगवान वाल्मीकि जी का रथ व ढोल पार्टी समेत अन्य सुंदर झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा श्री वाल्मीकि मंदिर से शुरू होकर पड़ाव चौक, वैश्य धर्मशाला, सर्राफा बाजार, मेन चौक बाजार,सराय गेट,थाने के सामने से होती हुई नगर के सभी मुख्य मार्गों से होकर गुजरी तथा पुनः वाल्मीकि मन्दिर पर जाकर सम्पन्न हुई।शोभायात्रा का नागरिकों ने कई स्थानों पर जलपान कराकर व पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के चलते इंस्पेक्टर बबलू वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। व्यवस्था बनाने वालों में मुख्य रूप से संदीप हांडा, सुनील भारती, दीपक हांडा, नरेन्द्र हांडा, अरविन्द हांडा, अंकित, पवन चावला, आशीष, विनय शर्मा समेत वाल्मीकि समाज के अन्य लोग शामिल रहे।




## अफसरों ने साइबर अपराधों के प्रति किया जागरुक

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)।** मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम वित्त एवं एसपी अपराध व मिशन शक्ति नोडल अधिकारी द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपायों तथा सहायता एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत जनपद में चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में इसके प्रति जागरूक भी किया। इस कार्यक्रम में एडीएम वित्त गजेंद्र सिंह, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देश भूषण एवं एसपी अपराध व मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी इन्दु सिद्धार्थ द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपायों तथा सहायता एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक के साथ अपराधियों के तरीके बदल रहे हैं, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या संदेश पर व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें और सदा संदेहास्पद गतिविधि की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, निकटतम थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज करें। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित जनों से साइबर सतर्कता का भी संकल्प दिलवाया और बताया कि समाज में डिजिटल साक्षरता के साथ जागरूकता बढ़ाने से ही साइबर अपराधों पर प्रभावी रूप से अब रोकथाम संभव है।

## गुजरात में 3 साल में पूरी कैबिनेट बदली, कल 16 मंत्रियों का इस्तीफा, आज 26 की शपथ, 19 नए चेहरे

**अहमदाबाद, 17 अक्तूबर (एजेंसी)।** गुजरात में भाजपा ने महज 3 साल में सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर लगभग पूरी सरकार बदल दी है। गुरुवार को 16 मंत्रियों से इस्तीफा लिया और शुक्रवार को 26 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। कैबिनेट में 19 नए चेहरे हैं, जबकि पिछली बार के 6 मंत्री ही अपना पद कायम रख पाए हैं। वहीं, 8 ओबीसी, 3 एससी, 4 एसटी और 3 महिलाएं हैं। सीएम समेत 8 मंत्री पटेल समाज से हैं। खास बात यह है कि हटाए गए मंत्रियों पर न तो कोई आरोप था और न कोई कानूनी केस। इसके बावजूद सरकार में बड़े फेरबदल को गुजरात में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी माना जा रहा है। शुक्रवार को सबसे पहले हर्ष संघवी ने शपथ ली। उन्हें डिप्टी सीएम बनाया गया है। पिछली कैबिनेट में वे राज्य के गृह मंत्री थे। क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा को भी मंत्री बनाया गया है। भूपेन्द्र पहली बार सितंबर 2021 में सीएम बने थे। तब विजय रूपाणी को अचानक हटाकर उन्हें उट बनाया था। फिर विधानसभा चुनाव के बाद 12 दिसंबर 2022 को वह तीसरी बार सीएम और 16 विधायक मंत्री बने। अब नया मंत्रिमंडल बन रहा है। गुजरात में भूपेंद्र पटेल कैबिनेट का विस्तार हो गया है। इसके बाद लोग लगातार गुजरात के बारे में गूगल पर सर्च कर रहे है। पिछले कुछ दिनों का ग्राफ देखा जाए तो साफ समझ आता है कि गुजरात की सर्चिंग से जुड़ा ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

## चुनाव आयोग बोला- एक्टर विजय की पार्टी मान्यता प्राप्त नहीं, जरूरी शर्तें पूरा नहीं करती

**चेन्नई, 17 अक्तूबर (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को मद्रास हाईकोर्ट में कहा- एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल नहीं है। टीवीके एक मान्यता प्राप्त राज्य पार्टी बनने के लिए जरूरी शर्तों को पूरा नहीं करती। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव की बेंच के सामने ईसीआई के वकील निरंजन राजगोपाल ने कहा- किसी पार्टी को राज्य स्तर पर मान्यता पाने के लिए कम से कम 6% वैध वोट और विधानसभा की दो सीटें या लोकसभा की एक सीट जीतनी जरूरी होती है। कोर्ट ने ये बातें उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कही, जिनमें टीवीके को रद्द या गैर-मान्यता प्राप्त घोषित करने और करूर रैली घटना के लिए विजय के खिलाफ एफआईआर में अतिरिक्त धाराएं जोड़ने की मांग की गई थी। दरअसल, 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। मृतकों में 18 महिलाएं, 13 पुरुष और 10 बच्चे शामिल थे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि रैली बहुत भीड़भाड़ वाली जगह पर आयोजित की गई थी। लापरवाही और नियमों के उल्लंघन के कारण यह दुखद घटना हुई। इसमें 40 से ज्यादा मौतें और कई घायल हुए। इसके अलावा, याचिका में चुनाव आयोग से टीवीके का पंजीकरण रद्द करने, राजनीतिक रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने और अभिनेता विजय को पीड़ित परिवारों को प्रति परिवार 1 करोड़ रुपये मुआवजा देने का निर्देश देने की मांग की गई। सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने एक्टर विजय की पार्टी टीवीके और भाजपा नेता उमा आनंदन की मामले की सीबीआई जांच याचिका पर फैसला सुनाया। मद्रास एचसी ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी।

## ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामला, सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

### - टिप्पणी करते हुए कहा- सरकार याचिका की कॉपी देखें और अगली सुनवाई में हमारी मदद करें

**नई दिल्ली, 17 अक्तूबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। याचिका की एक कॉपी सरकार के वकील को दें। वह इसे देखेंगे और फिर अगली सुनवाई में हमें मदद करेंगे। दरअसल, सेंटर फॉर एकाउंटेबिलिटी एंड सिस्टेमिक चेंज और शौर्य तिवारी ने यह जनहित याचिका दायर की है। इसमें सरकार से मांग की गई है कि वह देशभर में तेजी से फैल रहे ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी वाले एप्स पर सख्त कार्रवाई करें। देश में करीब 65 करोड़ लोग ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर एक्टिव हैं। ज्यादातर लोग रियल मनी गेम्स में दांव लगाते हैं। इनका सालाना कारोबार 1.8 लाख करोड़ से ज्यादा है। याचिकाकताओं ने लॉ कमीशन की 276वीं रिपोर्ट का हवाला दिया है। इसमें कहा गया था, ह्यमहाभारत के समय जुआ नियंत्रित होता, तो युधिष्ठिर पत्नी और भाइयों को दांव पर नहीं लगाते।ह्न याचिका में कहा गया है कि यह कथन पौराणिक नहीं, सांस्कृतिक चेतावनी है कि अनियंत्रित जुआ समाज की नींव हिला सकता है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के संसद में दिए बयान का भी हवाला देते हुए कहा गया है कि ह्यऑनलाइन मनी गेम्स ड्रग्स से बड़ा खतरा बन चुके हैं।ह्न मंत्रालय के अनुसार, इन एप्स के एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि हार लगभग तय रहती है। सातवीं अनुसूची में जुआ राज्य का विषय है। केंद्र का नया कानून राज्यों के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप करता है। यह कानून बेटिंग को विनियमित करने के बजाय वैधता देने का रास्ता खोलता है। डीजीजीआई ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से जुड़े 81,875 करोड़ की कर चोरी पकड़ी है। 642 ऑफशोर कंपनियां देश में बिना टैक्स दिए जुआ चला रही हैं। अधिकांश विदेशी सर्वरों पर संचालित होती हैं, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। फिल्मी सितारे और क्रिकेटर ऐसे एप्स का प्रचार कर रहे हैं, जो बच्चों को गलत दिशा में ले जाते हैं। अभिनेता अक्षय कुमार के बयान का हवाला दिया गया है, जिसमें उन्होंने बताया था कि उनकी 13 साल की बेटी को एक ऑनलाइन गेम के दौरान यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

## बेंगलुरु के इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रा से रेप

**बेंगलुरु, 17 अक्तूबर (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एक प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज के कैंपस में छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने रेप के आरोप में कॉलेज के ही 21 साल के इंजीनियरिंग स्टूडेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान छठे सेमेस्टर के छात्र जीवन गौड़ा के रूप में हुई है। पीड़ित छात्रा भी उसी कॉलेज में सातवें सेमेस्टर की स्टूडेंट है। घटना 10 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे से 1:50 बजे के बीच हुई थी। उसने 5 दिन बाद, 15 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज कराई थी। पीड़ित ने एफआईआर में बताया कि आरोपी ने कॉलेज के सातवीं मंजिल पर उसे मिलने बुलाया था। जब वह पहुंची, तो आरोपी ने जबरदस्ती चूमने की कोशिश की। छात्रा वहां से चली गई। आरोपी उसका पीछा करते हुए छठी मंजिल तक पहुंच गया।



# पाकिस्तानी आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला, 7 सैनिकों की मौत 13 घायल

## - अफगान बॉर्डर के पास विस्फोटक लदी गाड़ी दीवार से टकराई, हमलावर भी मारा गया



वजीरिस्तान, 17 अक्तूबर (एजेंसी)। पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। हालांकि अधिकारियों ने दावा किया है कि उनका कोई सैनिक नहीं मारा गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने मीर अली में सुरक्षा बलों पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। टीटीपी ने कहा कि उनके खालिद बिन वलीद आत्मघाती दस्ते और तहरीक तालिबान गुलबहार ने इस हमले को अंजाम दिया। लोकल मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने सुरक्षा के मद्देनजर हमलावर हेलिकॉप्टर तैनात कर दिए हैं। हाल के महीनों में यह उत्तर वजीरिस्तान के सबसे बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है। पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने उग्रवादियों से निपटने के लिए सुरक्षाबलों की तारीफ की है। उन्होंने कहा- हमारे बहादुर जवानों को सलाम, जिन्होंने ख्वारिज (आतंकियों) की नापाक साजिश को नाकाम कर दिया। पूरी कौम को अपने वीर सैनिकों पर गर्व है। पिछले कुछ हफ्तों में उत्तरी वजीरिस्तान और अन्य क्षेत्रों में उग्रवादियों के हमले बढ़े हैं। इसके चलते सुरक्षा बलों की सतर्कता बढ़ा दी गई है। पाकिस्तान का कहना है कि अफगानिस्तान में मौजूद कुछ आतंकी समूह इन हमलों में शामिल हैं, जबकि अफगान सरकार इन आरोपों से इनकार करती रही है। आपको बता दें कि 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है।

# दुकानदार के गल्ले से हजारों की नकदी उड़ाई, मचा हड़कंप



भोपा, 17 अक्टूबर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव मोरना के मुख्य बाजार में स्थित दुकान के गल्ले से अज्ञात व्यक्ति और महिला ने हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार उस समय जुमें की नमाज पढ़ने गया हुआ था। उसकी अनुपस्थिति में दुकान पर बैठी उसकी नौ वर्षीया पुत्री को बातों में उलझाकर दोनों शातिरों ने गल्ले से नकदी उड़ा ली। नमाज पढ़कर वापस आए दुकानदार ने घटना की जानकारी होने पर शोर मचाया और पुलिस को मामले की सूचना दी, लेकिन तब तक दोनों शातिर फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस घटना की छानबीन करते हुए सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल कर रही है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में जानसठ रोड पर साजिद गैस सप्लाई का काम करता है। शुक्रवार की दोपहर वह अपनी नौ साल की पुत्री मिस्बाह को दुकान पर बैठाकर जुमे की नमाज पढ़ने के लिए गया था, तभी उसकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर एक अज्ञात महिला और एक व्यक्ति दुकान पर आ गए और शातिर तरीके से उसकी पुत्री को बातों में उलझा लिया और उसके गल्ले में रखी नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। नमाज पढ़ने के बाद जब साजिद वापस अपनी दुकान पर पहुंचा, तो उसे गल्ला खुला हुआ मिला और उसमें रखी नकदी गायब मिली। यह देख उसके पैरों तले की जमीन खिसक गई, जिस पर उसने अपनी पुत्री से मामले की जानकारी की। उसकी पुत्री द्वारा घटनाक्रम की जानकारी देने के बाद उसने शोर मचाया और मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर आरोपियों की तलाश की, लेकिन दोनों आरोपियों का कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस घटना की छानबीन करते हुए सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित ने बताया कि गल्ले में लगभग 37 हजार रुपए की नकदी थी, जो दोनों चोरों ने चोरी कर ली है। वहीं दिनदहाड़े बाजार में चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष का माहौल है।

# सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया दीपावली महोत्सव



मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, केशवपुरी, मेरठ रोड, गुठनगर में शुक्रवार को दीपावली महोत्सव बड़े उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर को दीपों, फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और खुशियों से सराबोर हो उठा। महोत्सव में विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता, दीप-सज्जा प्रतियोगिता और ग्रीटिंग कार्ड (शुभकामना पत्र) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन निर्णायक मंडल की सदस्या अनुराधा चौधरी, रेनू रंजन और वांशिका गौतम ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य कौशल आर्य ने उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यार्थियों, आचार्य-भाइयों और पत्रकार बंधुओं का स्वागत किया तथा दीपावली, छठ, गोवर्धन पूजा और भैया दूज की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व भारतीय संस्कृति और एकता के प्रतीक हैं, जो हमें प्रकाश, प्रेम और सहयोग का संदेश देते हैं। इस अवसर पर मुकेश दत्त शर्मा, भोपाल सिंह, योगेन्द्र शर्मा, नंदिनी शर्मा, रागिनी, इंदु त्यागी, सविता और मनोज मित्तल नीरज शर्मा सहित सभी आचार्य बंधु-बहनों का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन ने विद्यालय परिवार में उल्लास और सांस्कृतिक सौहार्द्र का माहौल बना दिया।

# अमेरिकी सिंगर बोलीं- ट्रम्प से नहीं डरते पीएम मोदी




वाशिंगटन, 17 अक्तूबर (एजेंसी)। अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन ने राहुल गांधी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को ट्रम्प से डरने वाला बताया था। मिलबेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, आप गलत हैं, राहुल गांधी। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रम्प से नहीं डरते। वे वही फैसला लेते हैं जो भारत के हित में हो। वो अमेरिका के साथ लंबे समय की रणनीति के तहत काम कर रहे हैं। जिस प्रकार ट्रम्प प्रशासन अमेरिका की बेहतरी के लिए काम करता है। मिलबेन ने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि आप इस तरह की लीडरशिप को समझ पाएंगे। बेहतर होगा कि आप अपने "आई हेट इंडिया" टूर पर वापस लौट जाएं, जिसके इकलौते दर्शक आप ही हैं। दरअसल डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा था कि पीएम मोदी ने उन्हें भरोसा दिया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। ट्रम्प के इस बयान को लेकर राहुल गांधी ने कहा था कि, मोदी ट्रम्प से डरते हैं। बता दें, राहुल गांधी ने राष्ट्रपति ट्रंप के बयान को लेकर कहा, ह्वप्रधानमंत्री मोदी ट्रंप से डरे हुए हैं। पीएम मोदी ट्रंप को निर्णय लेने और घोषणा करने की अनुमति देते हैं कि भारत रूसी तेल नहीं खरीदेगा। बार-बार की गई अनदेखी के बावजूद बधाई संदेश भेजते रहते हैं। वित्त मंत्री की अमेरिका यात्रा रद्द कर दी। शर्म अल-शेख में शामिल नहीं हुए। ऑपरेशन सिंदूर पर उनका विरोध नहीं करते। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि भारत, रूस से तेल नहीं खरीदेगा. वे समझते हैं कि ऐसा तुरंत नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा, ह्वउन्होंने (पीएम मोदी) आज मुझे आश्वासन दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। इसे तुरंत नहीं किया जा सकता है। यह एक छोटी सी प्रक्रिया है, लेकिन यह प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जाएगी, और हम राष्ट्रपति पुतिन से बस यही चाहते हैं कि वे युद्ध रोकें। उन्होंने कहा, ह्वकुछ ही समय में, वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे और युद्ध समाप्त होने के बाद वे फिर से रूस से तेल का व्यापार करेंगे।ह्व हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इस दावे को सिरे से नकार दिया और कहा, ह्वऊर्जा मुद्दे पर अमेरिका की टिप्पणी के संबंध में, हमने पहले ही एक बयान जारी किया है, जिसे आप देख सकते हैं। जहां तक टेलीफोन पर बातचीत का सवाल है, मैं कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कोई चर्चा नहीं हुई है।

# फुगाना पुलिस ने चलाया व्हीकल मार्निंग चैकिंग अभियान



फुगाना, 17 अक्टूबर (बु.)। त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को फुगाना थानाध्यक्ष के नेतृत्व में उनके अधीनस्थ पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार की अल सुबह मेरठ वाया करनाल हाइवे पर कई घंटों तक व्हीकल मार्निंग चैकिंग अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों ने आते जाते वाहनों को रोककर उनके चालकों व वाहनों की बारीकी से तलाशी ली और चालकों को वाहनों को हल्की गति में चलाने को कहा। हाइवे से गुजरने वाली बाइकें व चौपहिया वाहनों की डिक्की और आंतरिक हिस्सों की भी सघनता से पुलिस द्वारा जांच की गयी। यहां लाइसेंस व हेलमेट आदि अन्य चीजें भी चेक की गयी। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि शराब तस्करी व किसी भी घटना पर अंकुश लगाने एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के उद्देश्य से ही प्रतिदिन फुगाना थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया जाता रहेगा। कुल मिलाकर फुगाना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा अपने पूरे क्षेत्र में पैनी नजर रखे हुए हैं। इसके अलावा फुगाना थाने की एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूलों के पास मिशन शक्ति अभियान चलाया गया। मनचलों को चेक किया गया। इसके अलावा ग्राम डूंगर में ग्राम चौपाल लगाकर फुगाना पुलिस की एंटी रोमियो, मिशन शक्ति टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। गांव डूंगर में ही टीम ने स्कूलों मे छात्राओं को जागरुक कर सरकार की कई योजनाओं से अवगत कराया।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान से जम्मू-कश्मीर तक कांपी धरती, भूकंप के झटकों से कई देशों में दहशत में लोग




नई दिल्ली, 17 अक्तूबर (एजेंसी)। अफगानिस्तान में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.6 दर्ज की गई। इसके अलावा पाकिस्तान में भी भूंकप के झटके आए। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर में भी महसूस किए गए। झटके अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा पर महसूस किया गया। आपको बता दें कि इससे पहले एक सितंबर को पूर्वी अफगानिस्ता के नांगरहर प्रांत में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था जिसमें 800 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 2500 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। भूकंप के झटकों से लोगों में हड़कंप मच गया। अभी तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। भूकंप आने के बाद सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, यह भूकंप शुक्रवार सुबह लगभग 5.23 बजे अफगानिस्तान में आए 4.3 तीव्रता के एक और भूकंप के कुछ ही घंटों बाद आया है, जो राजधानी काबुल से लगभग 133 किलोमीटर पूर्व में आया था। उस भूकंप की गहराई भी 10 किलोमीटर थी और इसका सटीक स्थान अक्षांश 34.57 उत्तर और देशांतर 70.66 पूर्व था। भूकंप पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेटों के अचानक खिसकने के कारण आते हैं। ये प्लेटें लगातार धीमी गति से हिलती रहती हैं और जब इनके किनारे आपस में टकराते हैं या एक-दूसरे से रगड़ खाते हैं, तो तनाव पैदा होता है। जब यह तनाव एक सीमा से अधिक हो जाता है, तो चट्टानें अचानक टूट जाती हैं और ऊर्जा भूकंपीय तरंगों के रूप में निकलती है, जिससे पृथ्वी की सतह हिल जाती है।

# पूर्व अमेरिकी एनएसए बोल्टन पर आरोप तय, ट्रम्प के खिलाफ जाकर भारत का समर्थन किया था




वाशिंगटन, 17 अक्तूबर (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन पर गोपनीय जानकारी के गलत इस्तेमाल और लीक करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। बोल्टन पर राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी शेयर करने के 8 और गोपनीय दस्तावेज अपने पास रखने के 10 आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जॉन बोल्टन ने ट्रम्प प्रशासन में काम करते वक्त अपनी गतिविधियों के नोट्स और डायरी एंट्रीज एओएल ईमेल अकाउंट में सेव की थीं। जांच एजेंसियों का कहना है कि इन नोट्स में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील बातें शामिल थीं, जिन्हें उन्होंने खुद को और परिवार को मेल किया था। 76 साल के बोल्टन अगर दोषी पाए गए तो उन्हें आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। 2021 में बोल्टन का ईमेल अकाउंट ईरानी हैकर्स ने हैक कर लिया था। हैकर्स ने धमकी दी थी कि अगर बोल्टन के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे यह जानकारी लीक कर देंगे, जैसे 2016 में हिलेरी क्लिंटन के ईमेल लीक हुए थे। बोल्टन ने एक इंटरव्यू में भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाने के फैसले को 'भारी भूल' बताया था। उन्होंने ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए। उन्होंने कहा था कि अमेरिका, भारत को रूस और चीन से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश कर रहा था लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है। इसके अलावा बोल्टन ने पिछले महीने कहा था कि ट्रम्प और पीएम मोदी के बीच पहले की खास दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। ब्रिटिश मीडिया एलबीसी को दिए इंटरव्यू में बोल्टन ने ट्रम्प की नीति की आलोचना करते हुए कहा, 'व्हाइट हाउस ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे मोदी रूस और चीन के करीब आ गए हैं। चीन ने खुद को अमेरिका और ट्रम्प के विकल्प के रूप में पेश किया है।

# दो गैंगस्टर व पोक्सो एक्ट का अभियुक्त पकड़ा

जानसठ, 17 अक्टूबर (बु.)। पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत गैंगस्टर के वांछित अभियुक्तगण निरंजन केसरी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद केसरी, निवासी गांव घाघरा, थाना बारी बाजार, जिला बेगुसराय बिहार व सत्यनारायण यादव पुत्र किशोरी यादव निवासी गांव बिजलपुर, थाना पवमछिया, जिला सहरसा बिहार तथा हाल निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया। इनके अलावा पुलिस ने पोक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त नीरज उर्फ मोन्टी पुत्र ओमपाल निवासी गांव चितौड़ा, थाना जानसठ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# अटारी बॉर्डर पर बदल गया रिट्रीट सेरेमनी का समय, भारत-पाक सीमा पर बंद रहेंगे गेट



अमृतसर, 17 अक्तूबर (एजेंसी)। भारत-पाक सीमा अटारी पर होने वाला रिट्रीट समारोह अब सर्दियों के चलते आधा घंटा पहले शुरू होगा। यह फैसला सीमित दिन के उजाले को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बीएसएफ के प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण महल ने बताया कि अब यह समारोह शाम 5 बजे से 5:30 बजे तक आयोजित होगा। पहले इसका समय शाम 5:30 बजे से 6 बजे तक था। नया समय तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है। सुरक्षा कारणों के चलते अब भारत-पाक सीमा गेट बंद रहेंगे और इस दौरान दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच कोई पारंपरिक अभिवादन या रस्में नहीं होंगी। बीएसएफ ने 24 अप्रैल से इन पारंपरिक रस्मों को स्थगित कर दिया था। अटारी, हुसैनीवाला और सादकी बॉर्डर पर रोजाना ध्वज अवतरण समारोह जारी है। उल्लेखनीय है कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीटिंग रिट्रीट सीमा समारोह कहा जाता है। यह समारोह हर शाम सूर्यास्त से ठीक पहले दोनों पक्षों के सैनिकों द्वारा एक धमाकेदार परेड के साथ शुरू होता है और दोनों देशों के झंडों को पूरी तरह से समन्वित तरीके से नीचे उतारने के साथ समाप्त होता है। भारत की तरफ से सीमा सुरक्षा बल के जवान जबरदस्त परेड करते हैं और पाकिस्तानी रेंजर्स भी अपने देश के लिए परेड में हिस्सा लेते हैं। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव के चलते अब सीमा पर गेट बंद रखे जाते हैं।



# व्यापारियों ने चौकी इंचार्ज को किया सम्मानित

## - बोले, बाजार की व्यवस्था से हम बहुत खुश हैं

बुढ़ाना, 17 अक्टूबर (बु.)। शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के काफी व्यापारियों ने एकजुट होकर बड़ा बाजार में व्यापारी विशाल सैनी के प्रतिष्ठान पर आयोजित एक सार्वजनिक सादे समारोह में बुढ़ाना कस्बा पुलिस चौकी के ईंचार्ज संदीप चौधरी को अपने बीच बुलाया और बाजार की व्यवस्था पर चौकी प्रभारी की प्रशंसा की और उनका स्वागत किया। व्यापारी व युवा भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु संगल ने कहा कि हमने चौकी प्रभारी संदीप कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्यों और सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया है। व्यापारियों ने उनको फूलों का गुलदस्ता, तुलसी का पौधा, देवियों की मूर्ति व अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। हिमांशु संगल ने कहा कि चौकी प्रभारी का कार्यभार संभालने के बाद से ही संदीप जी ने बाजार क्षेत्र की व्यवस्था को नई दिशा दी है। पहले जहां जाम की समस्या आम थी, अब उसमें काफी कमी आई है। चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगा है। वाहनों की गलत पार्किंग, जिसके कारण बाजारों में लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी, उस पर भी रोक लगी है। इन प्रयासों से व्यापारियों और ग्राहकों, दोनों को ही राहत मिली है। यहां व्यापारियों में अजय गोयल, अंकित गर्ग, तुषार गर्ग, विपुल संगल, मोंटू संगल, अनुज सिंघल, प्रदीप जैन, चिराग गोयल, मोनू संगल, नीरज गर्ग आदि व्यापारी उपस्थित रहे।





# एमजी पब्लिक स्कूल में लक्ष्मी-गणेश पूजन के साथ धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बुस.)। एमजी पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को रंगोली, दीपों और विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न प्रकार की सज्जा सामग्री से सजाया गया, जिससे वातावरण उल्लासपूर्ण हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत लक्ष्मी-गणेश पूजन के साथ की गई। पूजन में एमजी चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल, स्कूल प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनीत सिंघल एवं कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल के साथ ही प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने समस्त विद्यालय परिवार के साथ सहभागिता की। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय में दीपोत्सव पर्व के अवसर पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पाँचवीं और सातवीं के विद्यार्थियों ने दिवाली के पावन अवसर पर आयोजित अंतर-सदनीय रंगोली प्रतियोगिता में अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरा परिसर सुन्दर रंगोली के कारण आकर्षित कर रहा था। रंगोली की प्रत्येक रचना में छात्र-छात्राओं की कल्पनाशीलता, टीमवर्क और प्रकाशोत्सव के उत्साह की झलक दिखाई दी। इसके अलावा कक्षा आठ के छात्र एवं छात्राओं ने अपार रचनात्मकता के साथ तोरण द्वार प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके सहारे विद्यार्थियों ने स्वागत, समृद्धि और उत्सव के प्रतीक सुंदर तोरण बनाकर अपनी कला प्रतिभा को प्रदर्शित किया। उनके रंग-बिरंगे तोरण से विद्यालय परिसर को सुसज्जित किया गया था। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों से दीपावली के लिए दीयों की साज सज्जा कर उनको एक सुन्दर रूप प्रदान किया। इस अवसर पर एमजी चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल ने दीपावली पर्व को आपसी प्रेम, सौहार्द्र व सद्भाव से मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन से अंधकार, नकारात्मकता और अहंकार को मिटाकर ज्ञान, सत्य और सद्भाव का प्रकाश फैलाने का उत्सव है। हमारा एक अच्छा विचार, एक नेक कर्म और एक सच्चा प्रयास समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने दीपावली के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने छात्रों को यह पर्व पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाने की प्रेरणा देने के साथ ही कहा कि दीपावली को केवल बाहरी सजावट तक सीमित न रखें, बल्कि अपने अंतर्मन को भी रोशन करें। दूसरों की मदद करें, पर्यावरण का ध्यान रखें, पटाखों की जगह दीयों से रोशनी फैलाएं और सबसे बढ़कर, अपने परिवार, बुजुर्गों और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें। उन्होंने सभी को शिक्षा, सेवा और संस्कारों की लौ को अपने जीवन में रोशन करने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि यही सच्चे अर्थों में दीपावली का संदेश है। विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा भी पर्व के संबंध में अपने सुन्दर और प्रेरक विचार प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय परिवार की ओर से देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना के साथ सभी को प्रेमोपहार वितरित किये गये।

# शिया वक्फ बोर्ड ने जारी किए निर्देश, कब्रिस्तानों में जगह के लिए वसूली करने वालों पर होगी कार्रवाई

लखनऊ, 17 अक्तूबर (एजेंसी)। यूपी में वक्फ बोर्ड में दर्ज कर्बला, इमामबाड़ों और कब्रिस्तान में शव दफनाने के लिए जगह के नाम वसूली करने वाले मुतवल्लियों व प्रशासकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिया वक्फ बोर्ड ने वसूली की शिकायतें मिलने के बाद मुतवल्लियों को निर्देश जारी किए हैं। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने बताया कि प्रदेश की कई जगहों से शिकायतें मिल रहीं हैं कि वक्फ बोर्ड दर्ज संपत्तियों में कर्बला, इमामबाड़े और कब्रिस्तानों में शव दफनाने के लिए जगह देने के बदले कई जगहों के मुतवल्ली और प्रशासक भारी भरकम रकम वसूल रहे हैं। उन्होंने इस तरह के बढ़ रहे चलन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बोर्ड में दर्ज किसी भी वक्फ संपत्ति में शव दफन करने के लिए सिर्फ कब्र की खुदाई, पटरों के अलावा कब्र को पक्का कराए जाने में आने वाले खर्च की धनराशि ही ली जाएगी। मुतवल्ली ली जाने वाली धनराशि की रसीद भी जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तानों में दफनाने के लिए जगह का पैसा लिया जाना पूरी तरह से गलत है। अन्य किसी भी प्रकार की धनराशि लेने वाले मुतवल्लियों और प्रशासक के खिलाफ शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# फक्करशाह चौक पर हुई मावा मामले में कार्रवाई पर उठे सवाल

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)।** मावा आढ़ती एसोसिएशन ने शुक्रवार को मीडिया से वार्ता के बीच दावा किया कि नगर के फक्करशाह चौक पर 5 दिन पूर्व पकड़ा 180 कुंतल मावा खाद्य विभाग के तय मानकों के अनुरूप है। मामले में साजिश के तहत मावा व्यापारियों को परेशान किए जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की मांग की। मावा व्यापारियों ने फक्करशाह चौक पर करीब



180 किग्रा मावा पकड़ने की कार्रवाई को कठघरे में लाते हुए इसे पूरी तरह से एक साजिश बताया। उनका कहना था कि जब जांच में मात्रा सही पाया गया है, तो प्रशासन अपनी मनमानी किस तरह कर सकता है। रुड़की रोड स्थित होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि 5 दिन पूर्व फक्करशाह चौक पर जावेद नामक शख्स से पुलिस द्वारा जो मावा पकड़ा था, उसमें सैंपल लेने के बाद आढ़तियों के विरोध के बाद मावा डीप फ्रीज में रखा गया था। उन्होंने बताया कि दूध के फैट में 30 प्रतिशत पर मावा पास है, जबकि पकड़े गए इस मावे के सैंपल में 27.8 प्रतिशत फैट पाया गया, जो शुद्ध है, लेकिन प्रशासन की हठधर्मिता के चलते इसके डिस्ट्रेव करने के लिए अडिग है। इस दौरान मुख्य रूप से सुनील सिंघल, दिनेश बंसल, अनिल तायल, पवन तायल, रविन्द्र कुमार, राजेश मित्तल, सचिन मित्तल, मुकेश तायल, नितिन गुप्ता, मांगेराम सिंघल, राजकुमार सिंघल, हरीश सिंघल, राकेश गर्ग, प्रवीण गोयल, अनुज, जगपाल सिंह, श्याम कुमार गर्ग, पूरण तायल, मोनू तावल, राकेश, संजीव तायल, मुकेश जैन आदि व्यापारी मौजूद रहे।







# एक दिन की अधिकारी बनी मेधावी छात्राएं, दिखा उत्साह, पीआर पब्लिक की छात्रा आकृति बनी डीपीआरओ

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद मुजफ्फरनगर में स्कूल टॉप करने वाली मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने का क्रम शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से आई मेधावी छात्राओं को यूपी सरकार की पहल पर अधिकारी के रूप में प्रोत्साहित करते हुए उनके भविष्य के स्वप्नों को लेकर उड़ान की अलख जगाई गई। शुक्रवार को इसी कड़ी में एक दिन के लिए मान्या गोयल आर्य को मुख्य विकास अधिकारी के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी, जिन्होंने विकास भवन स्थित कार्यालय में आमजन की जनसमस्याएं सुनते हुए इससे जुड़े संबंधित अधिकारियों को उचित समाधान के निर्देश दिएद्ध वहीं पीआर पब्लिक स्कूल की छात्रा आकृति बंसल को जिला पंचायत राज अधिकारी का जिम्मा सौंपा गया। इसके साथ तनिष्का आर्य अकेडमी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा कार्यक्रम अधिकारी के रूप में विभाग में कार्यों का समाधान करती दिखाई दी। शासन के निर्देश पर महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत मान्या गोयल आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा मुख्य विकास अधिकारी और आकृति बंसल पीआर पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा जिला पंचायत राज अधिकारी एवं तनिष्का आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा एक दिन के लिए विकास भवन में कार्यक्रम अधिकारी के रूप में दिखाई दी। अधिकारियों ने आमजन की जनसमस्याएं सुन, संबंधितों को उचित समाधान के निर्देश दिए। मिशन शक्ति के तहत अमरनायक स्वामी श्री राहुल सिंह राष्ट्रीय इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा एवं यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में 10वीं कक्षा में जनपद मुजफ्फरनगर में टॉप करने वाली मेधावी छात्रा कुमारी दिशा ने एक दिन के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी शाहपुर के रूप में कार्य किया।




# छिपकली ने काट दी 17000 घरों की बिजली, 3 घंटे तक अंधेरे में रहे हल्द्वानी के लोग!

## छिपकली ने ठप की बिजली सप्लाई!



**हल्द्वानी, 17 अक्टूबर (एजेंसी)।** उत्तराखंड के हल्द्वानी जिले के कठघरिया बिजलीघर गुरुवार को एक छिपकली ने तीन घंटे तक ठप कर दिया, जिससे बिजलीघर से जुड़े 17 हजार उपभोक्ताओं के घरों में बिजली गुल रही। इस दौरान करीब तीन घंटे तक उपभोक्ताओं को बिना बिजली के ही रहना पड़ा। इस दौरान लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि तत्पर के बाद बिजली आपूर्ति को पुनः तीन घंटे बाद शुरू कर दिया गया। बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, कठघरिया बिजलीघर के पैनल में एक छिपकली घुस गई। बिजली के तारों के संपर्क में आने से पैनल में ब्लॉस्ट हो गया। इसके साथ ही पैनल में तकनीकी दिक्कत आने पर बिजलीघर से 17 हजार घरों को सप्लाई होने वाली बिजली बाधित हो गई। इस दौरान बिजली सप्लाई ठप होने से पानी की सप्लाई भी नहीं हो सकी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी मिलते ही कार्मिकों ने पैनल की रिपेयरिंग शुरू की। इसमें लगभग तीन घंटे का समय लगने से हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली सप्लाई ठप होने से ट्यूबवेल नहीं चल सके, जिससे क्षेत्र में पेयजल सप्लाई भी बाधित रही। ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी बीबी जोशी ने बताया कि तकनीकी खराबी को दूर कर बिजली सप्लाई को सुचारू से शुरू किया गया।



# पात्रों को वितरित किए गए छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)।** छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण समारोह का शुक्रवार को जनपद के समस्त कॉलेजों में सजीव प्रसारण शासन स्तर पर दिये निर्देशों के अनुपालन में किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण समारोह का शुभारंभ प्रातः 11 बजे लोक भवन सचिवालय लखनऊ में किया गया। समारोह का मुजफ्फरनगर के कॉलेजों में सजीव प्रसारण देखा गया। जनपद मुजफ्फरनगर में कक्षा-9,10,11 व12 के अल्पसंख्यक वर्ग के 1820 छात्र-छात्राओं को कुल धनराशि 55.22 लाख रुपए, अनुसूचित जाति के कुल 2228 छात्र-छात्राओं को धनराशि 28.48 लाख रुपए, सामान्य वर्ग के 739 छात्र-छात्राओं को कुल धनराशि 22.06 लाख रुपए एवं पिछड़ी जाति के कुल 2185 छात्र-छात्राओं को कुल धनराशि 59.27 लाख रुपए से लाभान्वित किया गया। सभी छात्र-छात्राओं के प्रमाण-पत्र सर्टिफिकेट इस बीच विद्यालयों के प्रधानाचार्य द्वारा मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण (लाईव टेलीकास्ट) के उपरांत छात्र-छात्राओं को प्रदान किये गये। कार्यक्रम की उक्त जानकारी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी ने देते हुए बताया कि यूपी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में सम्मान पाकर जनपद के छात्र-छात्राओं की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा।

# एसडी मैनेजमेन्ट में दिवाली धमाल - 2025 कार्यक्रम की रही धूम

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बुस.)।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज के सभागार में एमबीए व एमसीए विभाग के छात्र / छात्राओं द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर "दिवाली धमाल" समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपस में 'एकता, प्रेम और साथ रहने की भावना को विकसित करना था। 'कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने सभी छात्र / छात्राओं व अध्यापकों को दीपावली की शुभकामनायें दी। वरिष्ठ प्रवक्ता रितु मित्तल ने दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि सभी अपने घरों, मंदिरों व कार्यस्थलों को दीपों से रोशन करें व अपने परिवार के साथ मिलकर धूमधाम से त्यौहार का आनंद लें। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विभूति अग्रवाल एवं प्रवक्ता पारूल कुमार ने बताया कि छात्र / छात्राओं ने दीपावली के उपलक्ष्य में मनोरंजन हेतु विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकम व गेम्स का आयोजन किया। इसी क्रम में छात्र / छात्राओं के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें करायी गयी, जिसके फलस्वरूप निर्णायक मंडल से रितु मित्तल, महिमा मंगल व मुकुल जैन ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रवक्ता देवेश गुप्ता ने एक सुन्दर कविता प्रस्तुत करके छात्रों को प्रोत्साहित किया। मंच का प्रस्तुतीकरण नीलाक्षी, सुनिधि व हिमांशी ने किया और अपनी शेरो-शायरी से आगन्तुकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने लजीज व्यंजनों का भी स्वाद लिया। कार्यक्रम में





संकाय सदस्य डॉ. अनम जैद, डॉ. शुभम तायल, आदित्य कश्यप, प्रशान्त तोमर, अन्नु त्यागी, राजीव कुमार, वरूण कुमार, संगीता कौशिक, जितेन्द्र कुमार, आयुष गुप्ता, विवेक सैनी, लवी, डॉ. संदीप गर्ग, रश्मि कौशिक, अन्जना शर्मा, अनुराग सैनी व रवि भार्गव आदि समस्त शिक्षकगण व स्टॉफगण एवं समस्त छात्र / छात्रायें उपस्थित रहें।



# भारत विकास परिषद मेन का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)।** भारत विकास परिषद मेन का दीपावली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं पारिवारिक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व वंदे मातरम से हुआ। परिषद पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दीपों के पर्व को उल्लास, उमंग और एकता के साथ मनाया। इस दौरान पंचदेव आराधना के साथ अन्य रंगारंग कार्यक्रम में रामायण पर प्रश्नोत्तरी सरप्राइज गेम जैसे मनोरंजक कार्यक्रमों के आयोजन में सभी परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में राजीव त्रिखा ने गीत के माध्यम से इस महफिल में समा बांध दिया। वहीं अनिल शर्मा ने दीपावली कविता, तनीषा एवं काव्या की सुंदर नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। छोटी सी बिटिया रितिका पांडे ने अपनी प्यारी कविता प्रस्तुत की। दीपोत्सव कार्यक्रम रूपरेखा बनाने का श्रेय शाखा के सचिव नवनीत गुप्ता व नीरज सिंघल को गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजली गर्ग और नवनीत गुप्ता ने किया। सार्थक एनजीओ के केपी राठी ने सभी सदस्यों को चांदनी का पौधा वितरित कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक धीरज उपाध्याय, केपी राठी, नितिन गर्ग, राजीव त्रिखा, प्रीतिवर्धन शर्मा, यशपाल अरोड़ा रहे। कार्यक्रम में मनोज शर्मा, राहुल कुशवाहा, दीपक गर्ग, अरुण मित्तल, सुखबीर सिंह, मनोज राठी, आशुतोष अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अशोक सिंघल व हर्षवर्धन जैन संरक्षक, बृजभूषण गुप्ता, राजेंद्र सैनी, नीरज गुप्ता, डॉ. बीके आत्रे, बृजमोहन शर्मा, विनय गर्ग, विपिन पंवार, राजकुमार गुप्ता व अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे। शाखा के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने सभी का आभार प्रकट किया।

# जेल में रहते हुए हिंदू देवी-देवताओं पर निशाना बनाने वाली किताबें कैसे लिख रहे हैं रामपाल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेलर से मांगा जवाब

**प्रयागराज, 17 अक्तूबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट (लखनऊ पीठ) ने मंगलवार को हिसार सेंट्रल जेल के जेलर को यह समझाने का निर्देश दिया कि स्वयंभू संत रामपाल, जो वर्तमान में जेल में बंद हैं, वह कथित तौर पर हिंदू देवी-देवताओं को निशाना बनाने वाली किताबें कैसे लिख रहे हैं। जस्टिस शेखर बी. सराफ और जस्टिस प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस और अन्य द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया। इस याचिका में हिंदू देवी-देवताओं के कथित रूप से अशोभनीय चित्रण वाली पुस्तकों और अन्य साहित्य पर पूर्ण प्रतिबंध, जब्ती और जब्ती की मांग की गई। साथ ही रामपाल के खिलाफ बीएनएस के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की मांग भी की गई। खंडपीठ ने सहायक पुलिस



आयुक्त के पद से नीचे के न होने वाले एक अधिकारी द्वारा एक पूरक हलफनामा भी मांगा। इस हलफनामे में जुलाई में हाईकोर्ट की ओर से पारित आदेश के अनुसार, विभिन्न पुस्तकों के ठिकाने की तलाश और इंटरनेट साइटों, जिसमें एक्स कॉर्प और गूगल एलएलसी की साइटें भी शामिल हैं, से आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण देना होगा। एडवोकेट रंजना अग्निहोत्री के माध्यम से दायर रिट याचिका में आरोप लगाया गया कि सनातन हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण इरादे से आहत करने के लिए प्रतिवादी (जिनमें रामपाल और उनके प्रकाशन निकाय शामिल हैं) अत्यधिक आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषा वाले साहित्य, पोस्टर और पैम्फलेट मुफ्त में वितरित कर रहे हैं। इसमें हिंदू देवी-देवताओं को 'बहुत भद्दा' और 'शर्मनाक' तरीके से चित्रित किया गया। याचिका में जिन पुस्तकों का नाम लिया गया, उनमें 'जीने की राह', 'ज्ञान गंगा', 'गरिमा गीता की', और 'अंध श्रद्धा भक्ति - खतरा-ए-जान' शामिल हैं, जिनके कथित आपत्तिजनक अंशों के उदाहरण दिए गए। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी इलेक्ट्रॉनिक संचार मंचों का उपयोग कर रहे हैं ताकि विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच अनेकता और शत्रुता, घृणा तथा दुर्भावना की भावना को बढ़ावा दिया जा सके, जो सार्वजनिक शांति और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए हानिकारक है।

# दिवाली से पहले दिल्ली में भारी ट्रैफिक जाम, मूलचंद में कई किलोमीटर तक गाडियां रुकी

**नई दिल्ली, 17 अक्तूबर (एजेंसी)।** त्योहारों का सीजन शुरू होते ही दिल्ली में भीड़ एकत्रित होना आम बात होती है। इसी बीच भीड़ से शुक्रवार शाम दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में भीषण जाम लग गया और प्रमुख चौराहों पर कारों की लंबी कतारें लग गईं। 20 अक्टूबर, सोमवार को दिवाली की तैयारियों के बीच, राजधानी के प्रमुख चौराहों और प्रमुख इलाकों, जिनमें मूलचंद फ्लाईओवर, चाणक्यपुरी, तीन मूर्ति मार्ग और आईटीओ शामिल हैं, में यातायात जाम की खबरें आईं। बाजारों और मुख्य मार्गों पर भी जाम की स्थिति बनी हुई है, जिससे यात्री परेशान हैं और यात्रा का समय भी काफी बढ़ गया है। एक वीडियो में गाड़ियों की लंबी कतारें कछुए की गति से रेंगती हुई दिखाई दे रही हैं। गुरुग्राम में इफको चौक और दिल्ली व गुरुग्राम को जोड़ने वाली सड़क पर भी व्यस्त समय के दौरान भारी भीड़ देखी गई। बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए, दिल्ली यातायात पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी की है जिसमें लोगों से अपनी यात्रा की सावधानीपूर्वक योजना बनाने और व्यस्त समय के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने का आग्रह किया गया है।

# श्रीराम कॉलेज में हुआ इवेंट-2025 का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बुस.)।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की इकाई श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, प्रबंधन विभाग और फाइन आर्ट्स द्वारा दीपावली पर्व के उपलक्ष में दीवाली डिलाइट इवेंट-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चन्दन चौहान, सांसद (बिजनौर लोकसभा) राष्ट्रीय महासचिव, रालोद, डॉ. वीरपाल निर्वाल, अध्यक्ष-जिला पंचायत-मु.नगर, मैत्री ई, अल्पसंख्यक अधिकारी, श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संस्थापक डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ, सचिव श्रीराम ग्रुप आफ कॉलिजेज इं. संकल्प कुलश्रेष्ठ, मैनेजमेंट समिति की प्रेजीडेंट डॉ. पूनम शर्मा, ज्वाइंट सचिव एसआरसी मैनजमेंट समिति मौ. आरिफ,





श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. एसएन चौहान, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज, निदेशक डॉ. अशोक कुमार, उप प्राचार्य श्रीराम कॉलेज डॉ. सौरभ मित्तल, निदेशक श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, डॉ. गिरेन्द्र गौतम, निदेशक फाइन आर्ट्स, डॉ. मनोज धीमान, डीन एकेडमिक्स श्रीराम कॉलेज डॉ. विनीत कुमार शर्मा एवं डीन इंजीनियरिंग डॉ. सुचित्रा त्यागी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. एसएन चौहान द्वारा मुख्य अतिथि चन्दन चौहान, सांसद (बिजनौर लोकसभा) राष्ट्रीय महासचिव, रालोद को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। श्री राम कॉलेज के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, बीटेक, मैनेजमेंट स्टडीज, फाइन आर्ट्स, पॉलीटैक्निक, एग्रीकल्चर, एडमिनिस्ट्रेशन, फार्मा, कंप्यूटर एप्लीकेशन और होम साइंस के विद्यार्थियों द्वारा सभी के सम्मुख अपने कौशल का प्रदर्शन किया गया, जिसमें पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने एक जागरूकता आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा लगाये गये 70 से अधिक स्टॉल्स ने सभी आगन्तुकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मेले में इंडियन आर्ट की सभ्यता अपने बनाये हुए प्रोडक्ट के साथ बहुत अच्छे से प्रदर्शित किया। अतरंगी व्यंजनों में अलग अलग प्रकार की चाय, इंडो चाइनीज व्यंजन, बूंदी चाट, कुल्हड़ मैगी आदि का सभी ने भरपूर आनन्द लिया। मुख्य अतिथि चन्दन चौहान ने सभी स्टॉल्स का निरीक्षण किया। संस्थापक डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, सृजनात्मकता और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने तथा सफल बनाने में संचालिका इं. रुचि राय एवं निवेदिता पाण्डेय और मीनाक्षी काकरान, प्रमोद कुमार और मीडिया प्रभारी कहकशां मिर्जा का विशेष योगदान रहा। इसके साथ-साथ डॉ. आकांक्षा चौहान, डॉ. अंजू त्यागी, आकाश कुमार, शिखा राठी, विकुल कुमार, दीपक कुमार, मयंक सैनी, अजित कुमार मन्ना, रीना त्यागी, शिक्षकगण का इस कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान रहा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र प्रशान्त कुमार मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने-सुनने में नहीं है तथा गलत संगत में उठता-बैठता है। मैंने अपने पुत्र प्रशान्त कुमार की गलत हरकतों से तंग व परेशान होकर उससे अपने सभी प्रकार के सम्बंध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में प्रशान्त कुमार किसी व्यक्ति के साथ कोई लेन-देन, लड़ाई-झगड़ा, नैतिक या अनैतिक कार्य या अन्य कोई असामाजिक कार्य करता है, तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य जनों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**धर्मवीर पुत्र श्री बलदेव सिंह**
**निवासी - म.नं. 360, अजमतगढ़,**
**थाना मंसूरपुर, जिला-मुजफ्फरनगर**

# एमजी वर्ल्ड विजन विद्यालय में फायर सेफ्टी कार्यशाला में छात्रों ने सीखी आग से बचने की तकनीक

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बुस.)।** विद्यालय में दीपावली पर्व के अवसर पर छात्रों के लिए अग्नि सुरक्षा एवं सावधानियाँ विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को पटाखे जलाते समय सुरक्षा के नियमों एवं आग लगने की स्थिति में उचित कदम उठाने के तरीकों की जानकारी देना था। कार्यशाला का संचालन फायर स्टेशन से आए मोहम्मद यासीन कुरैशी और भानू प्रताप सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) के सही उपयोग का प्रदर्शन कर सिखाया तथा आग लगने की स्थिति में घबराए बिना कैसे प्रतिक्रिया करनी चाहिए, यह भी बताया। सत्र के दौरान बच्चों को यह भी समझाया गया





कि पटाखे हमेशा खुले स्थान पर, बड़े-बुजुर्गों की देखरेख में, और सुरक्षा दूरी बनाकर ही जलाने चाहिए। साथ ही जलते दीपक, बिजली के तारों और सजावट की वस्तुओं से सावधानी बरतने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि दीपावली का असली अर्थ प्रकाश और सुरक्षा फैलाना है। थोड़ी सी सावधानी से हम त्योहार की खुशियाँ और भी सुरक्षित बना सकते हैं। कार्यशाला छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुई। कार्यशाला की सफलता में सीनियर अकेडमिक कोऑर्डिनेटर मोनिका अग्रवाल ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक : 1430/E-Tender/P.W.D./NPP/ 2025-26 दिनांक : 17-10-2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत / किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित 06 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 27-10-2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा फॉर्म ऑनलाइन दिनांक 18-10-2025 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 27-10-2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 27-10-2025 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य 15वें वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वेबसाइट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| **सहायक अभियंता (निर्माण)** | **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पालिका परिषद,** | **नगर पालिका परिषद,** | **नगर पालिका परिषद,** |
| **मुजफ्फरनगर** | **मुजफ्फरनगर** | **मुजफ्फरनगर** |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# ऑनलाईन से बिना डरे जिन्होंने किया अपना प्रचार खुद देखिये कितना वृद्धि कर गया उनका व्यापार।

## 67500 नये ग्राहकों से जुड़ें

श्री Ji Infocom
MOBILE SHOPPE




OPPO F31
Rs. 23000/-*

67.5 k VIEWS



सस्ते और शानदार मोबाईल फोन देने का किया वादा ग्राहक आया और ज्यादा।

बालाजी चौक, टाउनहाल रोड, राजमहल होटल के सामने, मुज़फ़्फ़रनगर
M.6399090000, 9837010040

## 30500 नये ग्राहकों से जुड़ें

एम एस क्रियेशन



30.5k VIEWS

प्रचार के दम पर त्यौहारों पर जमकर किया व्यापार



गाँधी कॉलोनी सुभाष नगर, मुजफ्फरनगर
M:9917990990

## 15800 नये ग्राहकों से जुड़ें

विशाल एंटरप्राईजेज




15.8 k VIEWS

पुल उतरते पहली गली, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
ठकराल झाड़ू वालों के बराबर, आलू मण्डी, निकट शिव चौक, मुजफ्फरनगर
M.:9068232371

## 13300 नये ग्राहकों से जुड़ें

विहान मोटर्स



13.3k VIEWS

जमकर किया प्रचार, तो खूब बढ़ा व्यापार
4000/- रूपये देकर वाहन ले जायें।

जानसठ रोड, निकट सुरेन्द्र नगर, मुजफ्फरनगर
मेरठ रोड, निरीक्षण भवन के सामने, मुजफ्फरनगर
M:9289922789

## 8700 नये ग्राहको से जुड़े

लिमरा इलेक्ट्रिकल्स




8.7 k VIEWS

झूमर ऐसे जो झूमा दें।

सिद्दकी कॉम्पलैक्स, अंसारी रोड, मुजफ्फरनगर
M:9756474985

## Sleepwell

SALE
ON DISCONTINUED MODELS
UPTO 50% OFF
Brand new mattresses with full company guarantee

मद्रास हैण्डलूम
रूड़की रोड, आनन्द भवन, मु0 नगर
मो0 9837051699

featherfoam
Dr. Back MATTRESS
Dreams Love your bed
SPRINGFIT

EXCHANGE OFFER LIMITED TIME ONLY
OR
पुराने गद्दे देकर BRANDED गद्दे लें बचाए ₹3100/- तक



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## बिहार चुनाव में महागठबंधन

बिहार चुनाव में महागठबंधन के नेता जीत की उम्मीद जता रहे हैं, लेकिन उनके बयानों पर नजर डालें, तो इस महागठबंधन की गांठें ढीली दिखाई दे रही हैं। दूसरी तरफ एनडीए पूरी गंभीरता के साथ चुनाव मैदान में है। अमित शाह के एक बयान से मुख्यमन्त्री के सवाल पर कुछ कन्फ्यूजन हुआ था, जो अब साफ कर लिया गया है। अमित शाह ने एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू में कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। एनडीए की जीत के बाद मुख्यमन्त्री कौन होगा, यह फैसला विधायक दल करेगा। इस बयान की महागठबंधन के नेताओं ने अपनी-अपनी तरह व्याख्या कर दी और एक कन्फ्यूजन क्रिएट हो गया कि भाजपा नीतीश कुमार के अलावा किसी को मुख्यमन्त्री बनाने का इरादा रखती है। इस कन्फ्यूजन पर जेडीयू नेता ललन सिंह ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के बयान को पूरे संदर्भ में देखना चाहिए। उन्होंने तीन बार कहा कि बिहार का चुनाव मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। जेडीयू नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि अमित शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। ललन सिंह ने कहा कि आप लोग बात को समझते नहीं हैं। गृहमंत्री जी के बयान के अलग-अलग भाग को तोड़कर पेश किया जा रहा है। गृहमंत्री जी ने बार-बार कहा है कि हम बिहार विधानसभा का चुनाव नीतीश कुमार जी के नेतृत्व ही में लड़ रहे हैं। मुख्यमन्त्री विधायक दल तय करेगा, एनडीए का विधायक दल तय करेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह परंपरा रही है, पिछली बार भी नीतीश कुमार मुख्यमन्त्री बने थे, तो यह एनडीए विधायक दल ने तय किया था कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनेंगे। ललन सिंह ने कहा कि गृहमन्त्री ने यह भी कहा कि पिछली बार जदयू की संख्या कम थी, फिर भी प्रधानमन्त्री जी ने उनको आग्रह किया था कि वे मुख्यमन्त्री बने। तीनों भाग को जोड़कर देखना चाहिए, अलग-अलग टुकड़े में नहीं देखना चाहिए। शाह से जब यह पूछा गया कि अगर चुनाव बाद आपके विधायक ज्यादा हो गए तो क्या होगा? इस पर शाह ने कहा, अभी भी ज्यादा ही हैं, फिर भी नीतीश कुमार ही मुख्यमन्त्री हैं। शाह ने कहा कि नीतीश कुमार भारतीय राजनीति के प्रमुख नेता हैं। वह ठेठ समाजवादी नेता हैं। वह शुरू ही से कांग्रेस का विरोध करते रहे। इमरजेंसी में भी उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ अच्छी खासी लड़ाई लड़ी, मैं मानता हूं कि भारतीय जनता पार्टी को नीतीश कुमार पर तो भरोसा है ही, साथ ही बिहार की जनता को भी उन पर उतना ही भरोसा है। एनडीए ने सभी 243 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने तो स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी की है। महागठबंधन ने अभी तक सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तो तैयार नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस ने 48 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। बिहार चुनाव दो चरणों में होने वाला है। पहले चरण की वोटिंग 6 नवंबर को होगी, तो वहीं दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है। चुनावी परिणाम 14 नवंबर को आएगा। सभी पार्टियां दावा कर रही हैं कि इस चुनाव में उन्हें भारी जीत मिलने वाली है। तेजस्वी युवाओं को सपना दिखा रहे हैं, तो नीतीश भी महिला वोटबैंक को फिर साधने की कोशिश में लगे हैं। जन सुराज के प्रशांत किशोर भी बड़े दावे कर रहे हैं। बिहार चुनाव के लिए बसपा ने भी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है, इस लिस्ट में 40 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गयी है। यूपी में एनडीए के हिस्सा राष्ट्रीय लोक दल के नेता मलूक नागर ने कहा कि अमित शाह ने साफ कह दिया है कि अगर एनडीए जीतता है, तो नीतीश जी मुख्यमन्त्री बनेंगे और चुनाव के बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे एनडीए में महागठबंधन की तरह कोई अंदरूनी कलह नहीं है। विपक्षी महागठबंधन पर तंज कसते हुए मलूक नागर ने कहा कि कांग्रेस को लग रहा है कि वह ज्यादा सीटें जीतेगी, इसलिए उसका गणित गलत है। इसीलिए वे अभी तक कोई घोषणा नहीं कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन बिहार में उन्होंने तेजस्वी को मुख्यमन्त्री पद का उम्मीदवार घोषित करके ऐसा नहीं किया। इसीलिए वे अलग-अलग रैलियां कर रहे हैं। फिर भी, कांग्रेस की सीटें नहीं बढ़ रही हैं। इसीलिए वे आपस में लड़ रहे हैं। बिहार के चुनाव में बयानबाजी, आशंकाये, अफवाहें भी खूब चल रही हैं। एनडीए में टूट की खबरें और घमासान की चर्चाएं भी सुर्खियों में है। कब पासा पलट जाए इसका डर सताने लगा है, जहां एक ओर महागठबंधन में अब तक सीट शेयरिंग को लेकर बात ही नहीं बन पा रही है, तो वहीं दूसरी ओर सीट बंटवारा होने के बाद एनडीए में खलबली मच गई है। इसी बीच जानकारी सामने आ रही है कि एनडीए में फिर सीट बंटवारा होगा। तमाम सियासी हलचलों के बीच एनडीए के सभी घटक दल एक के बाद एक ट्वीट कर एकजुट होने की बात कह रहे हैं। ललन सिंह ने कहा कि अगर महागठबंधन के नेता चुनाव लड़ना चाहते हैं, तो उन्हें जनता के समर्थन से ऐसा करना चाहिए। इसलिए हम कहते हैं कि यह गठबंधन नहीं बल्कि धोखेबाजों का गिरोह है। हमारी पार्टी में कोई भी नीतीश कुमार की सहमति के बिना आगे नहीं बढ़ता। सीट बंटवारे से लेकर व्यक्तिगत सीटों के आवंटन तक, सब कुछ नीतीश कुमार की जानकारी और सहमति से होता है। उन्होंने आगे कहा कि महागठबंधन के लोगों को चुनाव में जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है, इसलिए वे दुर्भावनापूर्ण प्रचार कर रहे हैं। नीतीश कुमार नाराज क्यों होंगे? एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में एकजुट है और उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, नीतीश कुमार एनडीए के सर्वमान्य नेता हैं, और हम उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। ललन सिंह ने ट्वीट कर लिखा कि ठगों की जमात ही महाठगबंधन है। विपक्ष को भली-भांति मालूम है कि इस चुनाव में उनकी जमीन खिसक चुकी है, इसलिए अब जनता के मुद्दों पर बोलने के बजाय वे एनडीए को लेकर झूठी कहानियां गढ़ने और अफवाहों का बाजार गर्म करने में लगे हैं। जनता दल-यू में नीतीश कुमार जी की सहमति के बिना कोई एक कदम भी आगे नहीं बढ़ता है। सीट शेयरिंग से लेकर एक-एक सीट के बंटवारे तक हर बात नीतीश जी की जानकारी में है और उनकी सहमति से ही सब हो रहा है। पूरा एनडीए आज मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एकजुट, संगठित और मजबूत है। एनडीए की यह एकजुटता केवल राजनीतिक समीकरण नहीं, बल्कि जनसेवा के साझा संकल्प का प्रतीक है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'गुफ़्तगू' 'परख' 'अल्फाज' 'भेद'

किसी से भी, कहीं पर भी, संभल कर गुफ़्तगू करना,
परख लहजे की होती है, सभी अल्फाज तुलते हैं।
कहीं खुलने पे आओ तो, कभी पूरे नहीं खुलना,
जरा सा भेद खुलते ही बहुत से भेद खुलते हैं।

# किसान समस्याओं को लेकर भाकियू ने घेरी कलेक्ट्रेट, दिया धरना



**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में गन्ना भुगतान व गन्ना मूल्य समेत अन्य किसान समस्याओं को लेकर धरना दिया। इस बीच डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में किसानों की समस्याओं के निदान कराने की मांग की। मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट कंपाउंड स्थित कार्यालय पर संपन्न मासिक पंचायत व ज्ञापन कार्यक्रम में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत स्वयं उपस्थित रहे। किसान पंचायत में बोलते हुए भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि सरकार द्वारा जो भी घोषणाएं की जाती हैं, वह किसानों के हित में होनी चाहिए। यदि कोई घोषणा करने में त्रुटि हो जाती है तो उस बात को सरकार को वापस ले लेना चाहिएं। संगठन की एकजुटता में ही किसानों का हित बताते हुए उन्होंने कहा कि सभी किसान संगठन में आस्था रखें तो संगठन सभी किसानों के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। धरने पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी ने कहा कि जनपद में विभागों द्वारा किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जहां पुलिस विभाग क्षेत्र को अपराध मुक्त बताता है वहां अभी भी अपराधों का अंबार लगा है। यदि प्रशासन द्वारा किसानों का शोषण किया तो संगठन बड़ा आंदोलन करने को विवश होगा, जिसकी जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान मीडिया प्रभारी चौ. शक्ति सिंह ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने यह संगठन किसानों की सेवा के लिए स्थापित किया था और तब से लेकर अब तक संगठन किसान समस्याओं के समाधान को तत्पर है। उन्होंने कहा कि सिर्फ किसान यूनियन लिखने से कुछ नहीं होता। संघर्ष करने के लिए टिकैतवादी होना बहुत आवश्यक है, क्योंकि जो संघर्ष में टिकता है और बैठना जानता है वही सच्चा किसान सेवक है। इस दौरान पंचायत में सभी पदाधिकारियों व किसानों ने सरकार पर तमाम किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मुख्य रूप से बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध भी किया। वहीं आवारा छुट्टा पशु, गन्ना मूल्य वृद्धि व गन्ना भुगतान की बात रखी गई। इस अवसर पर चौ. नरेश टिकैत के नेतृत्व में किसानों ने किसान समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को सौंपा। किसान पंचायत की अध्यक्षता पं. ओमप्रकाश शर्मा व संचालन सुमित चौधरी व देव अहलावत ने संयुक्त रूप से किया। पंचायत में मुख्य रूप से ओमपाल मलिक, धीरज लाटियान, श्याम पाल, सत्येंद्र बालियान, जहीर फारूखी चेयरमैन पुरकाजी, नीरज पहलवान, योगेश शर्मा, प्रमोद अहलावत, कपिल सोम, विकास शर्मा, संजीव भारद्वाज, शाहिद आलम, चौधरी शक्ति सिंह, अहसान त्यागी, रनधोल राठी, विकास त्यागी, बलराम सिंह, गुलबहार अली राव, अमित चौधरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता किसान व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वदेशी विषय पर संपन्न गायन प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

### – चेयरपर्सन ने शुभारंभ करते हुए किया लोगों को जागरुक

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** जिला प्रशासन द्वारा नवीन मंडी स्थल मुजफ्फरनगर में बीते 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला-2025 में स्वदेशी विषय पर गायन प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। स्वदेशी विषय पर आयोजित इस गायन प्रतियोगिता में संध्या चौधरी, गीता, सरिता, सीमा, तारावती, ममता, भारती, चंद्रवती, कुर्मिला, ममता सैनी, रूकैया व छवि आदि रचनाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ. राजीव कुमार द्वारा किया गया। नवीन मंडी स्थल कूकड़ा में आयोजित गायन प्रतियोगिता का शुभारंभ चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने किया। इससे पूर्व सहायक आयुक्त उद्योग जैस्मिन ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनका स्वागत किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप द्वारा शानदार प्रस्तुति देने वाले रचनाकारों को फूल माला पहनाकर उनका अभिनन्दन एवं उत्साहवर्धन भी किया। स्वदेशी मेले में स्थानीय उत्पादों के लगाये गये विभिन्न स्टॉलों पर लोगों द्वारा जमकर खरीदारी की। इस दौरान दैनिक उपभोग की वस्तुएं जैसे खादी कपड़े, ऑडियो रामायण, हिंदी किताबें और गुड़ आदि के स्टॉल सभी के बीच में खासे लोकप्रिय हो रहे हैं। वहीं स्वदेशी मेले में दीयों के साथ ही बहुत सुंदर मिट्टी से बनाई लैंप भी उपलब्ध हैं। मिट्टी के बर्तन एवं तवा आदि को लोग पसंद कर स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं। मेले में मिल रही स्वदेशी वस्तुओं को उनके द्वारा काफी सराहा गया व आम जनमानस में भी राम मंदिर की मिल रही प्रतिमूर्ति की काफी मांग रही है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आशीष कुमार, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से हसीबा, नीलम, रविता सिंह समेत विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं, आई टी आई इंस्ट्रक्टर व शिक्षर्थियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।



## चरथावल ब्लॉक में छात्राएं बनीं एक दिन की प्रधान-सचिव: मिशन शक्ति के तहत मिला जिम्मेदारी संभालने का अवसर

**चरथावल, 17 अक्टूबर (बु.)।** विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में स्कूली छात्राओं को एक दिन के लिए ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव नियुक्त किया गया। इस पहल के तहत छात्राओं को ग्राम पंचायत के कामकाज को समझने और जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिला। यह नियुक्ति उत्तर प्रदेश में चल रहे 'मिशन शक्ति पंचम' अभियान के तहत की गई है। मुजफ्फरनगर जनपद में छात्राओं को एक दिन का ग्राम प्रधान एवं सचिव नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए थे, जिसके बाद चरथावल ब्लॉक में यह कदम उठाया गया। चरथावल खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में छात्राओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान छात्राओं ने ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, जिसमें चरथावल देहात में प्रधान इसरार साबरी व सचिव मोहित बालियान, कुल्हेड़ी में प्रधान सहायक नोशाद व सचिव मोहित बालियान, बधाई खुर्द में प्रधान व सचिव मोहसिन, बिरालसी में सचिव संजीव व प्रधान लोकेश पुण्डीर, नंगला राई में सचिव गिरीश व प्रधानाध्यापक मास्टर इकराम की मौजूदगी में 1 दिन का प्रधान व सचिव का कार्यभार सौंपा गया।

## कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने किया खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)।** सनातन धर्म इंटर कॉलेज में आयोजित मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंत्री अनिल कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। मंत्री अनिल कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, अपितु अनुशासन, सहयोग व आत्मविश्वास की भावना को भी प्रबल करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेलों के माध्यम से राष्ट्र का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता में मंडल स्तर के विद्यालयों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करते हुए बेहतर रूप से प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संचालन में प्रमोद कुमार, सत्यम तोमर, राहुल कुशवाहा, अक्षय कुमार, सुधीर कुमार, अमित कुमार, वीरेंद्र कुमार, समीर चौधरी, वरुण कुमार, नीरज, राहुल राणा, प्रीति चौधरी, बबीता राणा, प्रीति शर्मा, रचना रावत, शुभम पाल, मनोज कुमार, डॉ. रवि कुमार, गया प्रसाद, विनोद, विनुज एवं रमेश असवाल का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य आदित्य सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल भावना और सहभागिता ही असली जीत है। उन्होंने खिलाड़ियों को सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, शिक्षक एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अनुसार, प्रतियोगिता 19 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें कई एथलेटिक्स स्पर्धाएं संपन्न होगी। शुक्रवार को संपन्न प्रतियोगिताओं में बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में राजन कुमार व 800 मीटर दौड़ में अर्जुन और 5000 मीटर वॉक में चिराग मुजफ्फरनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं दूसरी ओर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में तांशी और 800 मीटर दौड़ में खुशी (मुजफ्फरनगर) और लंबी कूद में खुशी देवी (सहारनपुर) ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ट्रिपल जंप में भी वंशी (सहारनपुर) ने स्वर्ण पदक पर कब्जा कर कीर्तिमान स्थापित किया।




## आईजीआरएस की बैठक में डीएम ने कसे अफसरों के पेंच

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, तहसील दिवस संदर्भ सहित अन्य संदर्भों एवं लम्बित शिकायतों व प्रकरणों के निस्तारण एवं सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक व ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक मेरठ रोड स्थित आईटीआई सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि आइजीआरएस के पोर्टल पर प्राप्त संदर्भ को निर्धारित समय सीमा के अन्दर अधिकारी अवश्य निस्तारित कर दें, जिससे कोई भी संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में न जाए। उन्होंने संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देते हुए इन शिकायतों के निस्तारण पर स्वयं शिकायतकर्ता से बात करके एवं निरीक्षण कर शिकायतों का निस्तारण करें! डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल से संबंधित शिकायती प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि संदर्भों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि का फीडबैक पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शत-प्रतिशत संतुष्टि का फीडबैक प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य विभागीय अधिकारी भी संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें जिससे संतुष्टि का फीडबैक बेहतर मिल सके। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में गुणात्मक प्रगति लाएं। बैठक में उन्होंने कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान आबकारी, व्यापार कर, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी।












## फ्लाई हाई एकेडमी में दीपावली समारोह हर्षोल्लास से मनाया

**मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बुस.)।** आज बिंदल फ्लाई हाई एकेडमी, जो बिंदल पेपर मिल्स की सीएसआर गतिविधि है में वार्षिक उत्सव एवं दीवाली समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह संस्था शहर के प्रमुख उद्योगपति राकेश बिंदल की धर्मपत्नी शशि बिंदल एवं उनके पुत्र अंकुर बिंदल की धर्मपत्नी सान्या बिंदल के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सुरेश चंद बिंदल, अशोक बिंदल, राकेश बिंदल, अनिल बिंदल सहित बिंदल समूह के सभी निदेशकगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन फ्लाई हाई टीम एवं प्रधानाचार्या वंदना शर्मा द्वारा उत्कृष्ट रूप से किया गया।





